Amar Ujala Edition Dehradun
13.5.2017 Page 9
Height 13.71cm Width 8.70 cm

अब मम्मी-पापा का भी आधार बनाएंगे स्कूल

सीबीएसई ने स्कूलों को दिए आधार पंजीकरण केंद्र खोलने के निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून।

देशभर के सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही अब उनके मम्मी-पापा का भी आधार कार्ड बनवाना आसान हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने सभी स्कूलों को परिसर में आधार पंजीकरण केंद्र खोलने के निर्देश जारी किए हैं। प्रति आधार कार्ड 30 रुपये की दर से सीबीएसई की ओर से स्कूलों को भुगतान भी किया जाएगा।

सीबीएसई के चेयरमैन आरके चतुर्वेदी के मुताबिक, सीबीएसई स्कूलों ने आधार पंजीकरण में हमेशा बेहद संजीदगी से काम किया है। उन्होंने सभी स्कूलों को निर्देश दिया है कि केंद्र सरकार के 'मेरा आधार, मेरी पहचान' अभियान के तहत सभी सीबीएसई स्कूल आधार पंजीकरण केंद्र स्थापित करें। केंद्रों पर केवल उस स्कूल के छात्र, शिक्षकों, कर्मचारियों व अभिभावकों के न केवल आधार कार्ड बनेंगे, बल्कि उसमें किसी भी तरह का अपडेशन भी किया जा सकेगा। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि आधार के लिए केवल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) से प्राप्त सॉफ्टवेयर और डिवाइस का ही इस्तेमाल कर सकते हैं। स्कूल चाहें तो अलग से आधार एनरोलमेंट के लिए ऑपरेटर या सुपरवाइजर की तैनाती भी कर सकते हैं। सीबीएसई सभी स्कूलों को प्रति आधार कार्ड 30 रुपये की दर से भुगतान करेगा। यह पैसा सीधे स्कूल के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। आधार पंजीकरण केंद्र शुरू करने के लिए स्कूलों को सीबीएसई या यूआईडीएआई के साथ एमओयू साइन करना होगा।